# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.07.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रख्यात वकील उज्जवल निकम सहित चार प्रमुख हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमानक उर्वरकों को लेकर तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- कल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर वापस आएंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला।
- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के तहत चल रहे दो दिवसीय अंडर–19 स्मार्ट गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आज समापन हो गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रख्यात वकील उज्ज्वल देवराव निकम, सामाजिक कार्यकर्ता सदानंदन मास्टर, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए नामित किया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। महाराष्ट्र के रहने वाले श्री निकम मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में सरकारी वकील रह चुके हैं। केरल के सदानंदन मास्टर का शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री श्रृंगला अमरीका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सुश्री जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की एसोसिएट प्रोफेसर रह चुकी हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कहा है कि नकली एवं निम्न गुणवत्तावाले उर्वरकों की समस्या पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पत्र लिखकर देश भर में नकली उर्वरकों की बिक्री तथा सब्सिडी वाले उर्वरकों की काला बाजारी एवं जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के तत्काल निर्देश दिए है। केंद्रीय मंत्री ने कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय में

स्थिरता बनाए रखने के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उचित समय पर, सुलभ दरों पर और मानक गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। किसानों को सही स्थान और उन जगहों पर जहाँ इनकी जरुरत है, पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना राज्यों की जिम्मेदारी है। अतः राज्य काला बाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री तथा सब्सिडी वाले उर्वरकों के डायवर्जन जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई करें। केंद्रीय मंत्री ने सभी राज्यों से अनुरोध किया है कि उपर्युक्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप एक राज्य व्यापी अभियान प्रारंभ कर नकली एवं घटिया गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट्स की समस्या को जड़ से समाप्त किया जाए।

<><><><><><><>

तेनज़िंग नॉर्गे राष्ट्रीय एडवेंचर पुरस्कार के लिए नामांकन शुरु हो गए हैं। यह पुरस्कार युवाओं में चुनौतीपूर्ण माहौल में एडवेंचर, जोखिम लने के साहस, टीम भावना से काम करने की प्रवृत्ति और क्विक रिफ्लेक्स में असाधारण प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार भूमि, हवा और जल में एडवेंचर के अलावा एडवेंचर के क्षेत्र में जीवनभर की उपलब्धि के लिए भी दिया जाता है। इसे अर्जुन पुरस्कार के साथ–साथ प्रदान किया जाता है। विजेताओं को पुरस्कार–स्वरूप पन्द्रह लाख रूपए प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कार के लिए नामांकन निर्धारित वेबसाइट अवाड्र्स डॉट जीओवी डॉट इन पर पन्द्रह जुलाई तक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा कल से शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अनडॉकिंग कल भारतीय मानक समयानुसार शाम साढ़े चार बजे निर्धारित है। उन्होंने कहा कि क्रू मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे भारतीय समयानुसार पृथ्वी पर पहुँचेगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चौदह दिवसीय मिशन पर हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय और उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने। इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत–विशिष्ट सात प्रयोग किए। लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सुरक्षित वापस आ जाएँ।

<><><><><><><>

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के तहत चल रहे दो दिवसीय अंडर–19 स्मार्ट गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आज सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजयपुरम के ऑडिटोरियम में संपन्न हो गया। इसमें द्वीपों की दो सौ से अधिक बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा व खेल निदेशक विक्रम सिंह थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस टूर्नामेंट में कुल नौ राउंड खेले गए। इनमें अंडर–19 में नंदिता, अंडर–15 में कीर्तना जे, अंडर–13 में एस. वरन्या, अंडर–11 में जी. दिशा मीनाक्षी अंडर–09 में डी. चार्वी और अंडर–07 में आराध्या पोद्दार को पहला स्थान प्राप्त हुआ। डिगलीपुर की के वी ओलिना और स्वराजद्वीप की अनुष्का सील को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर–द्वीपीय खिलाड़ी चुना गया। शतरंज एसोसिएशन के महासचिव बी. निल्लाईया ने इस टूर्नामेंट की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, की ओर से आज पुरुषों एवं महिलाओं के लिए "मानसून रोड रेस – 05 किमी दौड़" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज और विभिन्न संगठनों सहित लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह दौड़ नेताजी स्टेडियम से मजार पहाड़ तक जाकर वापस नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न हुई। महिलाओं की ओपन श्रेणी में, पी. अलगागमल को पहला, जबकि पुरूषों की ओपन श्रेणी में एन. ईश्वरन ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक और व्यक्तिगत ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि दौड़ में छः से सात वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि ने इन बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कबड्डी एसोसिएशन बीस और इक्कीस जुलाई को श्री विजय पुरम में एक ओपन कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित करने जा रहा है। अंडर–19 लड़के और लड़कियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। टीमें कल से अट्ठारह जुलाई के बीच नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टीमें कार्यालय समय के दौरान राज्य ओलंपिक संघ से संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने वाहन मालिकों और ऑटोमोबाइल से जुड़े व्यक्तियों से आग्रह किया है कि वे वाहनों के सुरक्षा ग्लास, विंडस्क्रीन –आगे, पीछे और साइड ग्लास पर किसी भी दृश्य प्रकाश संचरण –वीएलटी या किसी अन्य सामग्री की काली फिल्म का उपयोग ना करें। इनका उपयोग करने वालों पर न्यायालय के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे यातायात उल्लंघन की रिपोर्ट करने वालों की स्पष्ट तस्वीर, लघु वीडियो, जिसमें वाहन का स्पष्ट पंजीकरण नंबर, दिनांक, समय और अपराध का स्थान शामिल हो, आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9531892228 पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>